## न्यूज फटाफट

### नलाही में युवाओं ने की बावड़ी की साफ-सफाई




**हमीरपुर।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से सुजानपुर ब्लॉक के नलाही में क्लीन इंडिया अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ममता और वनीत के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं ने बावड़ी को संवारा। साथ ही आस-पास के क्षेत्र में भी साफ-सफाई की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने युवाओं को क्लीन इंडिया अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने युवाओं से अपने आस पास के परिवेश को साफसुथरा रखने का आह्वान किया। अभियान में युवा वर्ग ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### प्रभात सुधार सभा ने बीमार महिलाओं की मदद की

**हमीरपुर।** गरीबी से लाचार एक महिला की मदद के लिए समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने एक कदम बढ़ा कर उसके उपचार के लिए कुछ रुपए उन्हें सौंपे हैं। इस मदद में शामिल सभी दानियों का सभा ने आभार व्यक्त किया है सभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने बताया कि जिला हमीरपुर की दानी सज्जनों की ओर से गांव घोड़ीधबीरी तहसील बिझड़ की विनीता कुमारी के कैंसर के इलाज के लिए 5500 रुपए तथा गांव दांदड़ू तहसील बड़सर की शीला देवी के पीजीआई में उपचाराधीन के लिए 5000 दिये। संस्था विशेष तौर पर इन दानी सज्जनों की बहुत ही शुक्रगुजार है जो कि दुखियों की सहायता के लिए हमेशा से बढ़-चढ़कर सहायता करते आ रहे हैं।

### प्रदेश सरकार की उल्टी गिनती शुरू: नीरज



**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। प्रदेश में चार उपचुनावों में कांग्रेस की जीत का सिलसिला शुरू होगा, जो कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भी जारी रहेगा। यह बात जिला कांग्रेस महासचिव नीरज ठाकुर ने जारी किए प्रेस बयान में कही है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई से तंग आकर जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। प्रदेश सरकार ने कभी भी न तो बेरोजगारी को लेकर कोई बात करती है और न ही महंगाई को लेकर। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में और भाजपा शासनकाल में खाद्यान्न व पेट्रो पदार्थों की गर तुलना की जाए तो सच जनता के सामने आ जाएगा। भाजपा सरकार के शासनकाल महंगाई व भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीब, किसान, मजदूर व मध्यमवर्गीय परिवार महंगाई के बोझ के तले दबे हैं। गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम रोज बढ़े रहे हैं। जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो रहा है। सरकार द्वारा शुरू की गई उज्ज्वला योजना महज कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। गैस के बढ़ते दामों ने फिर से गृहणियों को लकड़ी जलाने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को आम जनता की परेशानी से कोई लेना देना है। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर कोई बात नहीं कर रहा है, जबकि जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहे हैं जिसका खामियाजा सरकार को उपचुनावों में भुगतना पड़ेगा।

### मोदी सरकार ने महंगाई के गर्त में धकेली जनता : राजेंद्र



**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस हमीरपुर के अध्यक्ष राजेंद्र जार ने वीरवार 14 अक्तूबर को यहां से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि रामायण के अनुसार जिस तरह से रावण ने एक साधू का बेश धारण कर छलावै से सीता माता का हरण किया था उसी तरह साधु का रूप धारण भाजपा नेता देश की समस्त जनता के सिर अत्याधिक महंगाई बेरोजगारी तथा अन्यजन विरोधी नीतियां उन्हें भुखमरी के स्थिति में पहुंचा कर जीवन के अधिकारों के हरण करने में लगे हैं। दशहरा के पावन अवसर पर यह वाक्य प्रासंगिक प्रतीत होता लगता है। मोदी सरकार करोड़ों गरीबों की बलि दे कर अपनी नकारात्मक सत्ता कायम रखना चाहती है। देश का हर गरीब मजदूर और किसान सरकार को दिल से बददुआ दे रहा है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र जार ने कहा कि लगातार खाद्य वस्तुओं के बढ़ते हुए मूल्यों में आम आदमी की नींद हराम कर दी है। आज की तारीख में पेट्रोल 112, डीजल 100 का आंकड़ा पार कर चुका है। गरीब आदमी की रोजमर्रा की चीजें चाहे दाले हो ले या फिर खाद्य तेल उनकी कीमतें आसमान छू रही हैं। गरीब के लिए उपयोग होने वाला सरसों के तेल का दाम 245 रुपए लीटर सर्व कालीन रिकॉर्ड काम कर चुका है। राजेंद्र जार ने कहा कि प्रदेश में हो रहे प्रदेश में चारों उपचुनाव में वर्तमान मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को भारी जन आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है और भाजपा उम्मीदवारों की हालत बहुत खस्ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने व उनके साथियों ने पाया कि जनता के संबंधित मुद्दों को लेकर जब व लोगों के पास जा रहे हैं तो हर व्यक्ति सरकार की जन विरोधी कार्य प्रणाली से अत्यंत दुखी है। चुनावी नतीजे भाजपा के खिलाफ अपनी गवाही देंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. आरके अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायत धरोग के अंतर्गत गांव धरोग में विश्व दृष्टि दिवस का किया आयोजन

### विश्व दृष्टि दिवस पर सीएमओ ने जागरूक किए लोग

हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. आरके अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायत धरोग के अंतर्गत गांव धरोग में विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर जिला जन सूचना एवं संप्रेषण अधिकारी सुरेश शर्मा ने बताया कि हमारे देश में अंधापन एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो बढ़ती उम्र के साथ तेजी से बढ़ती जाती है। देश में अंधेपन के लिए मु यता सफेद मोतिया, रेफ्रेक्टिव एररस, काला मोतिया और मधुमेह के कारण आंखों को होने वाला नुकसान मुख्य हैं। जनमानस में आंखों की समस्याओं के प्रति समुचित जानकारी का अभाव और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ना बना पाना भी इस समस्या को और गंभीर बना देता है। अंधेपन से बचाव के लिए जहां समय-समय पर आंखों की नियमित जांच अनिवार्य है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक यश पाल शर्मा ने लोगों को कोरोना टीके की शीघ्र दूसरी खुराक लेने की सलाह दी और नेत्रदान और शारीरिक स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर उप प्रधान राजेश शर्मा, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता रुचि शर्मा और नीलम शर्मा, आशा कार्यकर्ता सीमा, यशुबाला भी उपस्थित थी।

### जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में हमीरपुर ने चंबा को हराया

**नादौन।** अटल बिहारी वाजपेई क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में वीरवार को आयोजित अंडर 25 वनडे अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान चंबा व हमीरपुर की टीमों के मध्य अमतर जोन का मुकाबला हुआ। जिसे हमीरपुर की टीम ने 9 विकेट से जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंबा की टीम ने 35.4 ओवर में 125 रन बनाए और पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें सक्षम ठाकुर में 24, मोक्ष कुमार ने 27, रिशभ चरक ने 36 रनों का योगदान दिया। हमीरपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मृदुल सरोच ने तीन, सौरभ गर्ग, साहिल कमलेश व दिव्यांश गुमरा ने दो-दो विकेट तथा रोहित ने 1 विकेट प्राप्त किया। इसके जवाब में उतरी हमीरपुर की टीम ने 22.3 ओवर में ही 1 विकेट पर 126 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। जिसमें शुभम अरोड़ा ने 41 रन बनाए। जबकि अतुल जसवाल 59 रनों पर तथा चैतन्य शर्मा 22 रनों पर नाबाद रहे। चंबा की ओर से ऋषि महाजन ने एकमात्र विकेट प्राप्त किया। अंत में हमीरपुर की टीम ने 9 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### नादौन में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया

**नादौन।** सीएसआईआर आईएचबीटी पालमपुर द्वारा आईसीआईसीआई फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से पुष्प कृषि मिशन के तहत नादौन में फूलों की खेती में मधुमक्खी पालन का एकीकरण कार्यक्रम पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय जागरूकता शिविर में मधुमक्खी पालन के विभिन्न पहलुओं के बारे विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। शिविर की अध्यक्षता बतौर मुख्य अतिथि सीएसआईआर पालमपुर के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित किसानों को अपनी आजीविका के लिए फूलों की खेती, सुगंधित फूलों में फसलों का उत्पादन और परागण के लिए मौजूदा बागों तथा मधुमक्खी पालन पर बल देते हुए उन्हें जागरूक किया। उन्होंने योजनाओं की जानकारी देते हुए मधुमक्खी पालन समूहों के गठन पर भी बल दिया। वहीं, मधुमक्खी कॉलोनियों के रखरखाव व प्रबंधन, कीटों को लगने वाले रोगों के प्रबंधन, शहद उत्पादन, अमृत से भरपूर विभिन्न फूलों के उत्पादन, मधुमक्खियों के प्रवास आदि पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
**epaper.himachaldastak.com**

# फाइनेंस कंपनी के गेट पर ताला प्रबंधन से नहीं हो पा रहा संपर्क

## लोगों में हड़कंप; पुलिस स्टेशन पहुंचे, गबन की जताई आशंका

आरके सूद। बड़सर

**हमीरपुर** की फाइनांस कंपनी पर करोड़ों रुपये का गबन करने के आरोप लगे हैं। पिछले कुछ दिनों से कंपनी के गेट पर ताले लगे हैं। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि कंपनी प्रबंधक करोड़ों रुपये का गोलमाल कर फरार हो गए हैं। कार्यालय पर ताले लटकने से कंपनी में पैसा लगाने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों को डर है कि कंपनी प्रबंधन वर्ग से जुड़े लोग विदेश भागने की फिराक में हैं। इस सिलसिले में कुछ लोगों ने एसपी हमीरपुर को भी शिकायतपत्र सौंपा है। हालांकि दस्तावेज पूरा न होने पर एसपी हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा ने लोगों को रिकॉर्ड के साथ को फिर कार्यालय में बुलाया है। गौरतलब है कि करोड़ों रुपये के इस गबन में अभी तक कितने लोगों का पैसा लगा है यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है। शिकायत के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे लोगों के दस्तावेज पूरा न होने पर पुलिस की कार्रवाई में आगे नहीं बढ़ सकी है। मामले में करोड़ों रुपये के गबन के आरोप हैं। ऐसे में पुलिस भी सावधानी के साथ इस मामले को हैंडल करना चाह रही है। शिकायत में मजबूत आधार और तथ्य होने के बाद ही पुलिस की तरफ से इसमें कार्रवाई अमल में लाई जा सकेगी। वहीं लोगों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन से जुड़े लोग विदेश भागने की फिराक में हैं। लोगों ने पुलिस से इन लोगों से विदेश भागने से रोकने की गुहार लगाई है।

*एसपी हमीरपुर को सौंपा शिकायत पत्र, जल्द मांगी कार्रवाई*

### दो-तीन दिन से बंद है कार्यालय

**शिकायतकर्ता** अनिल कुमार का कहना है कि उसने कंपनी में करीब 14 लाख इन्वेस्ट किए हैं। कंपनी का कार्यालय भी तीन दिन से बंद है तथा संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटी की सगाई थी इसलिए उन्हें पैसे चाहिए थे लेकिन अब कंपनी के मालिक और प्रबंधन वर्ग से कोई संपर्क नहीं हो रहा है।

### शिकायत के आधार पर की जा रही जांच : एसपी

एसपी हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा से जब इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उनसे मुलाकात की है। फाइनांस कंपनी को लेकर लोगों की तरफ से शिकायत मिली है। पिछले कुछ दिनों से कंपनी के गेट पर ताले लगे हैं। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि कंपनी प्रबंधक करोड़ों रुपये का गोलमाल कर फरार हो गए हैं। एसपी ने कहा कि शिकायत के आधार पर छानबीन की जाएगी।

## 18 लोग निकले कोरोना पॉजिटिव

**हमीरपुर।** जिला में वीरवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में 18 लोग कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि वीरवार को जिला में रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए कुल 326 सैंपल लिए गए, जिनमें से 18 पॉजीटिव निकले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जिला हमीरपुर को कोरोना मुक्त बनाने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग कोरोना रोधी वैक्सीन की दोनों खुराक अवश्य लगवाएं। पहला टीका लगवाने के 84 दिन बाद दूसरा टीका भी जरूर लगवाएं। डॉ. आरके अग्निहोत्री ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने अपना टीकाकरण नहीं करवाया है तो वह अतिशीघ्र नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाएं। उन्होंने कहा कि वैक्सीन आपको एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करती है।

# आरएमओ को भेंट किए कोविड-19 चिकित्सा उपकरण

## आरसीईडी ने डॉ. लाल पैथ लैब फाउंडेशन की ओर से करवाए खेप उपलब्ध

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर




**हमीरपुर** क्षेत्रीय उद्यमिता विकास केंद्र आरसीईडी द्वारा डॉ. लाल पैथ लैब फाउंडेशन की ओर से कोविड-19 आपात स्थिति के तहत चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत तमाम चिकित्सा उपकरण क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉक्टर आरके अग्निहोत्री को सौंपे गए। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की अगुआई में तमाम कार्य किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से डॉ. लाल पैथ लैब्स फाउंडेशन से परमजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष विक्रम राणा सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर , मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर सुजानपुर किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं डॉ लाल पैथ लैब फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे। परमजीत सिंह ने बताया कि कोविड-19 की आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉ. लाल पैथ लैब फाउंडेशन ने क्षेत्रीय उद्यमिता विकास केंद्र आपातकालीन प्रतिक्रिया नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना में हरियाणा हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेशों में चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया जाना है जो राज्य इसमें शामिल किए गए हैं जिसमें हरियाणा राज्य में जिला यमुनानगर पंचकूला में अंबाला में चिकित्सा उपकरण वितरित किए जा चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के 6 जिलों में यह उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिसमें हमीरपुर, कांगड़ा सोलन मंडी शिमला और कुल्लू जहां से रिक्वायरमेंट उपलब्ध थी वहां पर यह चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्वास्थ्य उपकरण जिसमें 50 ऑक्सीमीटर, 5 ऑटोमेटिक हैंड सेनीटाइजर, डिस्पेंसर 50 स्टीम इनहेलर, सैनिटाइजर 5 लीटर, 50 पैक 1000 मास्क और थर्मोमीटर उपलब्ध करवाए गए हैं । इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का लाल पैथ लैब फाउंडेशन के सदस्यों के साथ-साथ जिला मेडिकल कॉलेज की टीम ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और तमाम उपकरण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर को उपलब्ध करवाए हैं , जिसके लिए तमाम टीम उनका आभार व्यक्त करती है । अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल स्थिति निपटने के लिए जो भी संस्था जिस तरह का भी भलाई का काम कर रही है ऐसी संस्था और उनके पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं।

*पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल भी रहे मौजूद*

## महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से उपचुनावों में भाजपा की हार तय : राजेंद्र राणा

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**फतेहपुर** में चुनाव प्रचार से मंडी संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस के स्टार प्रचारक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना धुंआधार प्रचार 14 अक्तूबर वीरवार को लगातार जारी रखा। राणा ने चुनावी फिज़ाओं को मंडी में कांग्रेस के पक्ष में करने के प्रयास में जोरदार पैरवी की। उन्होंने कहा कि मंडी के विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को देखते हुए सीधा और स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि आम आदमी केंद्र और राज्य में बीजेपी सरकार की मनमानी से बुरी तरह आहत और प्रताड़ित है। जनता में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को लेकर भारी आक्रोश है। राष्ट्रवाद के जुमले बोलकर देश को पूंजीवाद में धकेलने व देश की संपत्तियों को चंद पूंजीपतियों के हवाले करने के साथ बीजेपी ने आम आदमी के हितों को पूरी तरह निगल लिया है। चुनाव के मौके पर जनता के मुद्दों का जवाब देने की बजाय बीजेपी बगलें झांक रही है। हैरानी यह है कि प्रदेश बीजेपी के मुखिया जयराम ठाकुर सातवें आसमान पर पहुंची महंगाई के सवाल पर जवाब देने की बजाय कांग्रेस कार्यकाल के समय की महंगाई पर सवाल उठा रहे हैं। राणा ने कहा कि बेहतर होता कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लगे हाथों जनता को यह भी बता देते कि कांग्रेस कार्यकाल में 60 रुपए प्रति लीटर बिकने वाला पेट्रोल बीजेपी के राज में 102 रुपए प्रति लीटर क्यों बिक रहा है। 70 रुपए किलो बिकने वाला सरसों का तेल 220 रुपए में कैसे बिक रहा है।



*बोले, मंडी लोकसभा सीट पर जीतेंगी प्रतिभा सिंह*

# जिला पुस्तकालय में उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएं : डीसी



हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने कहा है कि जिला पुस्तकालय में आम पाठकों विशेषकर युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। बीते दिन यानि बुधवार शाम को जिला पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से बुक बैंक बनाया जा रहा है। इसके अलावा आधुनिक कंप्यूटर लैब की व्यवस्था भी की जा रही है। उपायुक्त ने बुक बैंक और कंप्यूटर लैब के कार्य का जायजा भी लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पुस्तकालय परिसर में कंप्यूटर लैब के माध्यम से पाठकों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इसका कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ एडीसी जितेंद्र सांजटा, एसडीएम डॉ. चिरंजी लाल चौहान, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव लवकेश शर्मा और पुस्तकालय के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन / फैक्सः** 01975-272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

**30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.09.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 30.09.2021 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित | 30.09.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 16,584 | 33,520 | 17,109 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (8,587) | (16,636) | (11,576) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (5,752) | (11,006) | (7,600) |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (5,736) | (10,976) | (7,598) |
| 5. | संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त | | | |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश) | 22,192 | 22,192 | 22,192 |
| 7. | प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर–वार्षिकृत) | | | |
| | मूलभूत (रु. में) | (2.59) | (4.96) | (3.42) |
| | तरल (रु. में) | (2.59) | (4.96) | (3.42) |

**टिप्पणीयाँ:**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 14 अक्टूबर 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.09.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 30.09.2021 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित | 30.09.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 23,103 | 35,333 | 13,512 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (7,775) | (13,085) | (7,841) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) | (5,060) | (8,516) | (4,708) |

निदेशक मंडल की ओर से
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ताक्षर / –
देवांश जैन
निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 14 अक्टूबर 2021

**भारतीय पुनर्वास परिषद्**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का एक सांविधिक निकाय**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
**भारत सरकार**
**REHABILITATION COUNCIL OF INDIA**
A Statutory Body of Ministry of Social Justice and Empowerment
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
Government of India

सत्यमेव जयते
भारतीय पुनर्वास परिषद्

File No.25-15/NBER (AIOAT)/RCI/2016 Dated 14-Oct., 2021

**प्रवेश अधिसूचना- 2021**

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन रिहैबिलिटेशन (एनबीईआर) अकादमिक सत्र 2021-22 के लिए सेंट्रलाईज्ड ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रियाः 2021 के माध्यम से देश-भर में आरसीआई के अनुमोदित प्रशिक्षण संस्थानों विश्वविद्यालय विभागों द्वारा आयोजित विशेष शिक्षा तथा दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में **डी.एड.एसपीएल. (आईडीडी), डी.एड.एसपीएल.ईडी. (एचआई), डी.एड.एसपीएल.ईडी. (वीआई), डी.आई.एस.एल.आई., डीटीआईएसएल एवं डी.एड.एसपीएल.ईडी. (एमडी)** कोर्सों में प्रवेश हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है। इन कोर्सों में प्रवेश 12वीं परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्तांक के आधार पर होगा।

**डिप्लोमा स्तरीय कोर्सों में प्रवेश हेतु पात्रता मानदण्ड निम्नानुसार है :**

I. **विशेष शिक्षा कोर्स (स्पेशल एजुकेशन कोर्सेज)** : न्यूनतम कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य शिक्षा बोर्ड से 10+2 अथवा इसके समकक्ष परीक्षा।

ii **साईन लैंग्वेज (डीटीआईएसएल)** : न्यूनतम कुल मिलाकर 45 प्रतिशत अंकों के साथ मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य शिक्षा बोर्ड से 10+2 अथवा इसके समकक्ष परीक्षा के साथ केवल बधिर उम्मीदवार हो। विकलांगता (बधिर) का प्रमाणपत्र तथा आईएसएल में ग्रहणशील और उत्पादक कौशलों की दक्षता हो।

प्रवेश हेतु एससी/एससी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षण संबंधित राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के सरकारी नियमों के अनुसार लागू होगा।
ऑनलाईन पंजीकरण पोर्टल खुलने एवं बंद होने की तिथि : 12 अक्तूबर, 2021 - 11 नवंबर, 2021

**आवेदन शुल्क :**
सामान्य एवं ओबीसी हेतु रु. 500/- तथा एससी, एसटी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए रु. 350/-, पीडब्ल्यू उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट है।
शुल्क भारत में बैंकों द्वारा जारी डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड उपयोग करते हुए पेमेंट गेटवे के माध्यम से जमा किया जाएगा। एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
अनुसूची, डिप्लोमा स्तरीय कोर्सों की सूची, अवधि, पात्रता पाठ्यक्रम, कोर्स शुल्क, राज्य-वार प्रशिक्षण संस्थानों की सूची, प्रवेश दिशानिर्देश, आवेदन शुल्क, पंजीकरण पोर्टल खुलने व बंद होने की तिथि के संबंध में विस्तृत सूचना हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को परिषद की वेबसाईट www.rehabcouncil.nic.in पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

**(सदस्य सचिव)**
**भारतीय पुनर्वास परिषद एवं**
**सचिव, एनबीईआर**

बा-22, कुतब संस्थागत क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
दूरभाष : 0112653 2408, 2653 2384, 2653 4287, 2653 2816 फेक्स : 011-2653 4291
ई.मेल : rci-depwd@gov.in वेबसाईट : www.rehabcouncil.nic.in
Please Recycle

davp 38115/11/0007/2122

**Name and address of candidate : Smt. Pratibha Singh, Padam Palace, Rampur, Distt. Shimla H.P**

**Name of poltical party :** Indian National Congress
(Independent candidates should write "Independent" here)
**Name of Election :** Bye-Election, 2021
**Name of Constituency :** 2-Mandi Parliamentary Contituency.

I **Pratibha Singh** (Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | Name of court | Case No. and date | Status of case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Patiala House, New Delhi | 8604/2016 05-09-2016 FIR No. -RC/AC 1/2015/40004 dt. 23-09-2015 | Pending | Under Section 109, IPC, read with Section 13(1)(e) and 13(2) of Prevention of Corruption Act, 1988. Abettment in the alleged offence. |

(A) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLA's, mention the election concerned in place of name of constituency.

Ravi Singh Rana
Election Agent
Smt. Pratibha Singh